# भारत-EFTA डेस्क

**स्रोत: द हिंदू**

**भारत** और **यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA)** ने आर्थिक संबंधों का सुदृढ़ीकरण करने तथा **व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (TEPA)** के तहत निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिये **भारत-EFTA डेस्क का** शुभारंभ किया **।**

## भारत-EFTA डेस्क

- **परिचय:** यह **इन्वेस्ट इंडिया** द्वारा स्थापित एक **समर्पित निवेश सुविधा तंत्र** है, जो **EFTA** देशों के व्यवसायों के लिये **भारत में निवेश करने हेतु एकल स्रोत अथवा एकल-खिड़की मंच** के रूप में कार्य करता है।
- **उद्देश्य: भारत-EFTA डेस्क** का लक्ष्य **TEPA के उद्देश्यों को साकार करने में सहायता करना** है, जैसे:
  - **15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर का FDI**, जिससे भारत में **1 मिलियन से अधिक प्रत्यक्ष रोज़गार** सृजित होंगे।
  - TEPA में **बौद्धिक संपदा अधिकारों** से संबंधित प्रतिबद्धताएँ।
  - **मेक इन इंडिया** और **आत्मनिर्भर भारत** के साथ **प्रौद्योगिकी सहयोग** को संरेखित करना।
- **भारत-EFTA TEPA मार्च 2024** में हस्ताक्षरित एक **व्यापक FTA** है।

## यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA)

- EFTA **आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड** का अंतर-सरकारी संगठन है, जिसे **स्टॉकहोम अभिसमय (1960)** के तहत स्थापित किया गया था।
- भारत EFTA का **पांचवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है **(यूरोपीय संघ, अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद**)।
- **द्विपक्षीय व्यापार:** भारत और EFTA देशों के बीच व्यापार वर्ष 2023-24 में **24 बिलियन अमरीकी डॉलर** था, जो वर्ष 2022-23 के **18.65 बिलियन अमरीकी डॉलर** से अधिक था। व्यापार अंतराल EFTA ब्लॉक के पक्ष में था।
- **प्रमुख साझेदार: स्विट्ज़रलैंड (सबसे बड़ा)**, उसके बाद **नॉर्वे**।




**और पढ़ें:** [भारत-EFTA व्यापार समझौता]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-efta-desk